## राजनीतिक इशारों पर काम करने का पुलिस पर है आरोप, पहले भी कई मामले हुए है प्रभावित

# चौरई में "सरेंडर स्क्रिप्ट" पर बवालः कृष्णकुमार हत्याकांड में आरोपी के आत्मसमर्पण ने खड़े किए कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई, भुजेन्द्र शर्मा

चौरई में हुए बहुचर्चित कृष्णकुमार हत्याकांड ने एक बार फिर पूरे इलाके की राजनीति और पुलिस व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। इस बार मामला हत्या से ज्यादा मुख्य आरोपी के कथित "वीआईपी सरेंडर" को लेकर चर्चा में है। नगर में आम लोगों से लेकर सामाजिक संगठनों तक एक ही सवाल गूंज रहा है क्या कानून अब रसूखदार नेताओं के सामने बेबस होता जा रहा है?



बताया जा रहा है कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी कमलेश वर्मा, जो भाजपा से जुड़ा हुआ एक चर्चित नाम माना जा रहा है और जिसे पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष पति के रूप में पहचाना जा रहा है, अचानक चौरई थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर देता है। यह वही आरोपी है जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश देने और तलाश अभियान चलाने के दावे कर रही थी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके बावजूद आरोपी का अचानक थाने पहुंच जाना और बिना किसी विशेष कार्रवाई के "सरेंडर" कर देना अब पूरे घटनाक्रम को संदेह के घेरे में ला रहा है।नगर में चर्चा है कि यह कोई सामान्य आत्मसमर्पण नहीं बल्कि पूरी तरह से "स्क्रिप्टेड सरेंडर" था।

लोगों का आरोप है कि पुलिस और कुछ राजनीतिक प्रभावशाली लोगों के बीच समन्वय बनाकर आरोपी को ऐसा रास्ता दिया गया जिससे उसकी सार्वजनिक बेइज्जती न हो और उसे एक सम्मानजनक आत्मसमर्पण का अवसर मिल सके। यही कारण है कि अब पुलिस की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।कृष्णकुमार हत्याकांड पहले से ही पूरे क्षेत्र में आक्रोश का कारण बना हुआ था।

### आरोपी विपिन पुलिस पहुंच से दूर

मृतक पक्ष लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है, लेकिन मामले का एक अन्य महत्वपूर्ण आरोपी विपिन वर्मा अब भी फरार बताया जा रहा है। ऐसे में मुख्य आरोपी के अचानक सरेंडर करने से यह सवाल और गहरा गया है कि यदि पुलिस वास्तव में सक्रिय थी तो आरोपी इतने दिनों तक पकड़ से बाहर कैसे रहा? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही मामला किसी सामान्य परिवार से जुड़े व्यक्ति का होता तो पुलिस अब तक आरोपी का जुलूस निकालकर पूरे शहर में घुमा चुकी होती। कई नागरिकों ने आरोप लगाया कि पुलिस का रवैया आम आदमी और राजनीतिक रसूखदारों के लिए अलग-अलग दिखाई देता है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया पर भी चौरई पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### आरोपी के खिलाफ हो सख्त कानूनी कार्यवाही

नगर के चौक-चौराहों, चाय दुकानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर लोग खुलकर चर्चा कर रहे हैं कि क्या पुलिस अब राजनीतिक दबाव में काम कर रही है? कई लोगों ने यहां तक कहा कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय उसे "सुरक्षित सरेंडर" करवाया गया। लोगों का आरोप है कि यदि पुलिस चाहती तो आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा सकता था, लेकिन जानबूझकर उसे समय दिया गया। मृतक कृष्णकुमार के परिजनों और समर्थकों में भी भारी नाराजगी दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि हत्या जैसे गंभीर मामले में भी यदि आरोपियों को विशेष सुविधाएं मिलेंगी तो आम जनता का कानून और पुलिस व्यवस्था से विश्वास खत्म हो जाएगा। परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। साथ ही यह भी मांग की जा रही है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो और फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

### पुलिस प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

राजनीतिक गलियारों में भी यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। विपक्षी दलों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यदि किसी आरोपी को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे। कई संगठनों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस पूरे घटनाक्रम ने चौरई पुलिस की साख पर भी गहरा असर डाला है। लगातार बढ़ते अपराध, हत्या और कानून व्यवस्था को लेकर पहले ही जनता में नाराजगी थी, ऐसे में अब आरोपी के "सम्मानजनक आत्मसमर्पण" की चर्चा ने आग में घी डालने का काम किया है। आम लोगों का कहना है कि पुलिस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आरोपी आखिर पुलिस की पकड़ से बाहर कैसे रहा और अचानक थाने तक कैसे पहुंच गया।

### आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

उधर पुलिस की ओर से अब तक इस पूरे मामले पर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने स्वयं आकर आत्मसमर्पण किया है और उससे पूछताछ की जा रही है। लेकिन जनता इन जवाबों से संतुष्ट नजर नहीं आ रही।फिलहाल चौरई में एक ही सवाल गूंज रहा है — क्या यह कानून का निष्पक्ष पालन है या फिर राजनीतिक प्रभाव के आगे पुलिस व्यवस्था झुकती दिखाई दे रही है? आने वाले दिनों में पुलिस की कार्रवाई और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी ही तय करेगी कि जनता का भरोसा कायम रहता है या यह मामला भी अन्य विवादों की तरह राजनीतिक दबावों के बीच धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## परासिया वार्ड 7 चौकी मोहल्ला का मामला

# वेयरहाउस रोड पर असामाजिक तत्व मचाते हैं आए दिन उत्पात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वार्ड 7 चौकी मोहल्ला , वेयरहाउस रोड पर शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है । जो अक्सर उत्पात मचाते हैं । रोकने - टोकने वालों के साथ मारपीट और गाली - गलौच करने से भी ये बाज नहीं आते हैं । बीते दिनों ऐसे ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था । इस स्तिथि के चलते पुलिस व्यवस्था पर सावलिया निशान लग रहे हैं ।

परासिया वार्ड 7 चौकी मोहल्ले में वेयरहाउस से छिंदवाड़ा मेन रोड की ओर सड़क के दोनों ओर रहने वाले लोग आवारा किस्म के लोगों से परेशान हैं । इस क्षेत्र में अवैध रूप से शराब कुचिया भी संचालित है । एक पान की गुमठी भी है । जहां अक्सर आसामजिक किस्म के लोग इकठ्ठा होते हैं । यहां खड़े रहकर मस्ती करते हैं , गाली - गलौच भी करते हैं । कोई उन्हें इसके लिए रोकता - टोकता है , तो उसके साथ मारपीट करने से भी बाज नहीं आते । बीती 13 मई को इसी क्षेत्र के रहने वाले युवक सोहेल खान के साथ चार लोगों के द्वारा मारपीट की गई । उसके हाथ और सिर पर चाकू से वार किया गया ।

पीड़ति ने बताया कि वह अपनी डेली नीड्स की दुकान में खड़ा था , तब विक्की डेहरिया , सुभाष धुर्वे , अमित डेहरिया और सिब्बा आए और गाली - गलौच करने लगे जब उसने मना किया तो उसके साथ गाली - गलौच की और चाकू से हमला किया , जिससे उसका सिर फट गया । उसने मामले की शिकायत दर्ज कराई है । पीड़ति ने बताया , कि इस क्षेत्र में ऐसा आए दिन होता है , लेकिन डर के मारे कोई कुछ नहीं बोलता , उसने हिम्मत दिखाई तो उसके साथ ऐसा हुआ ।

# कलेक्टर ने पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन की समीक्षा की, नियमों का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने जिले में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी पटाखा फैक्ट्रियां शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार ही संचालित हों तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि पटाखा निर्माण एवं भंडारण अत्यंत संवेदनशील कार्य है, इसलिए सुरक्षा संबंधी सभी प्रावधानों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैक्ट्रियों में अग्नि सुरक्षा उपकरण, सुरक्षित भंडारण, श्रमिकों की सुरक्षा तथा लाइसेंस संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। यदि किसी फैक्ट्री में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान सभाकक्ष में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल एवं सुश्री राजनंदिनी सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समस्त अनुविभागों के अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## "सबसे दूर, सबसे पहले" थीम पर जनभागीदारी अभियान का पौधारोपण के साथ आज से होगा शुभारंभ

छिन्दवाड़ा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार पीएम जनमन और धरती आबा अभियान के तहत चयनित जिले के सभी 617 आदिवासी और पी. वी.टी.जी ग्रामों में मंगलवार को पौधारोपण के साथ ₹सबसे दूर, सबसे पहले₹ की थीम पर जनभागीदारी अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा।

यह आयोजन इन सभी ग्रामों में बनाए गए आदि सेवा केंद्रों में 25 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। 19 मई को पौधारोपण के साथ ही इन सभी केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के जिले में सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में ओरियंटेशन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों को दायित्वों से अवगत कराते हुए, इस अभियान का पूरी गंभीरता से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला प्रशासन, जनजातीय कार्य विभाग और सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी, सभी एसडीएम और सीईओ जनपद पंचायत उपस्थित थे। इस अभियान का उद्देश्य दूरस्थ एवं विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदायों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करना है।

## जल कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का श्री गणेश

जुन्नारदेव। नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला भुजलिया नाले के पास सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 मई सोमवार से किया जा रहा है जिसका विधिवत श्री गणेश सोमवार शाम 5:00 बजे जल कलश यात्रा निकालकर किया गया। भागवत कथा स्थल से निकाली गई जल कलश यात्रा ने समूचे ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला का भ्रमण किया इसके उपरांत यात्रा बैंड बाजे की थाप पर झूमते हुए वापस भागवत कथा स्थल पर पहुंची जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर रात्रि 8:00 बजे से भागवत कथा का श्री गणेश किया गया।भागवत कथा का वचन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 एवं रात्रि 8 से रात्रि 11:00 तक किया जाएगा कथा का वचन कथा वाचक विपिन कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन के मुखाग्रबिंद से किया जाएगा। कथा आयोजन शिव महिला मंडल वार्ड नंबर 11 जुन्नारदेव विशाला ने समस्त धर्म प्रेमियों से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



## सांसद बंटी विवेक साहू ने दिव्यांग बालक को दी ट्रॉयसायकल

छिन्दवाड़ा। हर जरूरतमंद की सहायता करने के लिए हर दम तैयार रहने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने एक बार फिर संवदेनशीलता का परिचय देते हुए कुसमेली निवासी बशुंल पिता स्व. आशीष रघुवंशी को ट्रॉयसायकल दी है। ट्रॉयसायकल मिलने से अब दिव्यांग बालक बशुंल बिना किसी के सहारे के कही भी आ-जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिव्यांग बालक बशुंल एवं उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए दिव्यांग बशुंल के लिए बेटरी युक्त ट्रॉयसायकल दिलाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर दिव्यांग बशुंल को शीघ्र ही ट्रॉयसायकल उपलब्ध कराने के लिए कहा था। सोमवार की शाम सांसद कार्यालय में सांसद बंटी विवेक साहू ने दिव्यांग बालक बशुंल का सम्मान करते हुए उसे अपने हाथों से एडिप योजनान्तर्गत उपलब्ध हुई ट्रॉयसायकल में बिठाकर ट्रॉयसायकल प्रदान की। ट्रॉयसायकल प्रदान किए जाने पर दिव्यांग बशुंल ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दिनेशकांत मालवीय, संतोष पटेल, धरमसिंह वर्मा, विजेन्द्र ठाकुर, सिद्धांत दुबे, आशीष वर्मा, धनराज वर्मा, परसराम वर्मा, कृष्णा राय, बिहारी सोनी, चंचलेश वर्मा, जितेन्द्र रघुवंशी, गोपाल रघुवंशी, अर्जुन रघुवंशी सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं परिजन उपस्थित थे।



# पेयजल समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारी अपने क्षेत्र में पेयजल समस्या की पूरी जानकारी रखें और उनके निराकरण की पूर्व से व्यवस्था बनाएं। नई समस्या संज्ञान में आने पर उनका भी त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्हें बीते दिनों कुछ क्षेत्रों में पेयजल समस्या से उत्पन्न हुई स्थितियों के लिए कड़ी नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि दोबारा फील्ड का पूरा आंकलन कर लें और कार्ययोजन बना लें। जहां बोर कराने की आवश्यकता है कराएं। निजी नलकूप, कुएं आदि पूर्व से ही अधिग्रहित कर लिए जाएं और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उनके माध्यम से आमजन को पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। अति आवश्यक होने तथा कोई और विकल्प न होने की स्थिति में ही सबसे अंत में पेयजल परिवहन का विकल्प चुना जाए।

कलेक्टर श्री नारायन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र निगम, श्री राहुल पटेल, सुश्री राजनंदिनी सिंह व श्री आर.के.मेहरा सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

# निगम एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई, कई स्थानों से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार यातायात विभाग एवं नगर निगम अतिक्रमण टीम द्वारा शहर में संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत राजीव गांधी कॉम्पलेक्स एवं आनंद हॉस्पिटल के पास से अतिक्रमण हटाया गया।

इसके बाद सत्कार तिराहा, बीएसएनएल ऑफिस की गली, बस स्टैंड, जेल तिराहा, स्टेडियम के सामने, सीएस कॉम्पलेक्स, गर्ल्स कॉलेज के पास होते हुए फव्वारा चौक तक कार्रवाई जारी रखी गई। टीम द्वारा सार्वजनिक सड़कों एवं मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर संबंधित दुकानदारों एवं व्यापारियों को दोबारा सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई।

कार्रवाई के दौरान मौके से स्टैंड बोर्ड सहित अन्य सामानों की जप्ती कर चालानी कार्रवाई भी की गई। नगर निगम एवं यातायात विभाग ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कलेक्टर ने डीजल बचत एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था के दिए निर्देश

## महामहिम राज्यपाल के प्रस्तावित आगमन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष सौसर में महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल के 21 मई 2026 को आमला में प्रस्तावित आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय एवं दायित्वों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार,पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार, अतिरिक्त कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नीरज सोनी, , एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सौसर श्री प्रियंक मिश्रा सहित जिला स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि महामहिम राज्यपाल श्री पटेल का 21 मई 2026 को प्रातः 9:30 बजे जाम हेलीपैड पर आगमन प्रस्तावित है। इसके उपरांत वे जमसांवली स्थित हनुमान लोक का भ्रमण करेंगे तथा तत्पश्चात आमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

कार्यक्रम को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी श्री सुभांशु चौरसिया को हेलीपैड स्थल की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं सेफ हाउस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया कि हेलीपैड पर केवल कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति रहेगी, जिससे अनावश्यक आवागमन एवं ईंधन व्यय को नियंत्रित किया जा सके।

## प्रबुद्धजनों एवं ऊर्जावान युवाओं ने ली परमात्मा नमः की सदस्यता

छिंदवाड़ा। शहर में आध्यात्मिक जाग्रति की अलख जगाने के लिए परमात्मा नमः संस्था के आध्यात्मिक अभियान से जुड़ते हुए प्रबुद्धजनों एवं ऊर्जावान युवाओ ने सदस्यता ग्रहण की । परमात्मा नमः के संस्थापक अभ्यात्मवेता परमात्मा सेवक आनंद बक्षी ने बताया कि वर्तमान युग मैं ऊर्जा शांति एवं आत्मबोध की अनुभूतियों के लिए अध्यात्म सर्वशेष्ट मार्ग है। बक्षी निवास मैं आयोजित किए गए सहभागिता विचार विमर्श मे परमात्मा नमः से प्रबुद्धजन , युवा एवं मातृशक्ति को होने वाले आध्यात्मिक शक्तियों से अवगत कराया गया । डॉ दिलीप खरे, आशीष त्रिपाठी, गुरु दयाल शास्त्री, राम कुमार सोनी, धर्मेश वर्मा, शैलेष मिश्रा, महेश अलडक , सी.एम बोकड़े ने अपने विचार प्रकट किए एवं निशुल्क फॉर्म को भरकर संस्था के जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया ।

## पदाधिकारियों ने दिए सुझाव, राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई समन्वय समिति की बैठक

# बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा, वरिष्ठों ने किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर आवश्यक चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने मार्गदर्शन किया तो वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी दिए जिस पर सभी ने सहमति जताते हुए भविष्य में उन पर अमल करने हेतु आश्वस्त किया।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि संगठन में सक्रियता और भागीदारी सभी की होनी चाहिए। हम सभी का उद्देश्य एक ही है कि संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाए। जब उद्देश्य एक है तो उसके लिए सभी की भागीदारी भी एक साथ होनी चाहिए। दरअसल हमारी लड़ाई किसी पार्टी से नहीं बल्कि पार्टी के उस झूठ से हैं जो सत्ता में होते हुए भी बार-बार समय और परिस्थितियां देखकर बदल जाता और उस झूठ को सच साबित करने के लिए पूरा संगठित गिरोह काम में लगकर जनता को गुमराह करने में लग जाता है। हम बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत होंगे तो नागरिकों तक सच्चाई को अच्छी तरह से पहुंचा पाएंगे।

## पटपड़ा, उमरेठ और शिवपुरी मंडलों में कार्यकर्ताओं एवं किसानों से किया सीधा संवाद

परासिया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने एवं जनसंवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परासिया विधानसभा अंतर्गत पटपड़ा, उमरेठ एवं शिवपुरी मंडलों का सघन प्रवास किया। इस दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं, किसानों एवं वरिष्ठ जनों से भेंट कर क्षेत्र की स्थिति, संगठन विस्तार तथा आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रवास के दौरान तीनों मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं के समर्पण, ऊर्जा एवं संगठन के प्रति निष्ठा की सराहना करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। किसानों के साथ हुए संवाद में खेती-किसानी से जुड़ी वर्तमान परिस्थितियों, कृषि कार्यों में आ रही चुनौतियों तथा शासन की योजनाओं के लाभ को लेकर फीडबैक लिया गया। किसानों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। श्री रघुवंशी ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं एवं सुझावों को प्राथमिकता के साथ शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। प्रवास के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट भी की गई।

## प्रधानमंत्री की तेल बचत और स्वर्ण क्रय में संयम की अपील स्वागतयोग्य

छिंदवाड़ा। जिले के सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिला कलेक्टर के माध्यम से पत्र प्रेषित कर सोना क्रय नही करना तथा तेल बचत अपील स्वागतयोग्य बताया। पत्र में बताया कि हाल ही में आपने देशवासियों से अपील की है कि 1 वर्ष तक सोना नही खरीदे और तेल की बचत करे बहुत स्वागतयोग्य है। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका में पेट्रोल 414 रुपये लीटर है, पाकिस्तान में 415 रुपये लीटर जबकि हमारे देश मे फिलहाल पेट्रोल की कीमत लगभग 110 रुपए लीटर है। अमेरिका, यूरोप, जापान, फ्रांस जैसे शक्तिशाली देशों ने उनका रिजर्व आइल कोटा भी रिलीज कर दिया है। पूरे विश्व के हालात चिंताजनक है। हमारा देश हर परिस्थिति यो से लड़ने में सक्षम है। पर माननीय प्रधानमंत्रीजी की यह अपील दूरदर्शिता को दर्शाती है। देश मे सोना और तेल से ज्यादा जरूरी पानी है। देश के 50 जिलों में पीने का पानी खत्म हो चुका है। लगभग 200 जिलों में वाटर लेवल 200 फीट के नीचे। इसलिए पानी बचाना ज्यादा जरूरी है।

### जनसुनवाई, स्वास्थ्य शिविर एवं क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से दी जाएंगी सेवाएं

# जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 अंतर्गत "जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला पांढुर्णा द्वारा "जनजातीय गरिमा उत्सव 2026" के अंतर्गत "जनभागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान का आयोजन 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों तक शासन की योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना, जागरूकता बढ़ाना तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

अभियान के संबंध में कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में एसडीएम सौसर सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्री उमेश सातनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित कर जनजातीय समुदाय के लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता एवं लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही लाभार्थी संतृप्ति शिविरों के माध्यम से आधार एवं दस्तावेज सत्यापन, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य योजनाओं सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कार्यवाही की जाएगी। अभियान अंतर्गत गांवों में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनी जाएंगी एवं उनके निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के तहत स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल जागरूकता, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

अभियान में ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, गैर शासकीय संगठनों, स्थानीय युवा एवं महिला समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियों का संकलन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान से संबंधित गतिविधियों के फोटो एवं वीडियो पोर्टल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किए जाएंगे।

अभियान के सफल संचालन के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। अभियान की कार्ययोजना 15 मई तक तथा प्रगति प्रतिवेदन 29 मई तक प्रस्तुत किया जाना निर्धारित किया गया है।अभियान के अंतर्गत 18 मई को शुभारंभ कार्यक्रम, 19 से 25 मई तक संतृप्ति एवं स्वास्थ्य शिविर, 20 मई को क्षेत्रीय भ्रमण गतिविधियां, 21 से 23 मई तक जनसुनवाई, 24 मई को दस्तावेजीकरण तथा 25 मई को समापन एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

## लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा दी गई आर्थिक मदद

दमुआ। लायंस सेवा समिति दमुआ के माध्यम से कन्याओं के विवाह समारोह में पहुंचकर आर्थिक सहायता राशि मदद स्वरूप 14 मई को प्रदान की गई जिसमें वधू रानी पवार पिता नारायण पवार वार्ड क्रमांक 13 दमुआ की सुपुत्री का विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर 5100 रूपये की नगद राशि प्रदान की गई इसी तरह 14 मई को निकाह समारोह के लिए एक और कन्या हनीफा अली पिता शौकत अली वार्ड नंबर 17 मोमिनपुरा दमुआ के निकाह कार्यक्रम में पहुंचकर 1100 रुपए की आर्थिक सहायता राशि मदद स्वरूप प्रदान की गई इस अवसर पर लायंस सेवा समिति के संरक्षक डॉक्टर आर के विश्वकर्मा एवं मदन सोनी जी एवं नगर पालिका परिषद दमुआ की अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर एवं लायंस सेवा समिति के पदाधिकारी बृजलाल प्रजापति जी राकेश खातरकर जी दुर्गा सिंह राजपूत जी भानु साहू जी सहित कन्याओं के परिवार के समस्त सदस्य गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों की सोच ने जीता दिल, चित्रकला के माध्यम से दिया स्वस्थ समाज का संदेश




जुन्नारदेव। आई मार्शल आर्ट्स अकादमी का अभियान बना प्रेरणा।शहर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण में संचालित आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी इन दिनों अपने अनोखे और प्रेरणादायक समर कैंप को लेकर क्षेत्रभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। खेलों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने का यह प्रयास समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बनकर सामने आया है।अकादमी के मुख्य कोच एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप में खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष कार्य किया जा रहा है। समर कैंप का सबसे आकर्षक एवं चर्चित विषय "मोबाइल छोड़ो, मैदान जोड़ो" अभियान रहा, जिसकी योजना अकादमी के राष्ट्रीय/राज्य स्तर के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा तैयार की गई। सीनियर खिलाड़ियों की यह सोच आज छोटे खिलाड़ियों और बच्चों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उनके मार्गदर्शन में जूनियर एवं छोटे-छोटे खिलाड़ी उत्साह और खुशी के साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। रविवार को इसी अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों ने अपनी रचनात्मक चित्रकला के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और खेलों के महत्व को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कई चित्रों में एक ओर बच्चों और युवाओं को मोबाइल में व्यस्त दिखाया गया, वहीं दूसरी ओर मैदान में खेलते, दौड़ते और समूह में फिजिकल एक्टिविटी करते खिलाड़ियों का जीवंत दृश्य दर्शाया गया। कुछ चित्रों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान जैसे अकेलापन, तनाव और शारीरिक कमजोरी को दर्शाया गया, जबकि खेलों से मिलने वाले स्वास्थ्य, ऊर्जा, आत्मविश्वास और खुशहाल जीवन के संदेश को खूबसूरती से उकेरा गया। खिलाड़ियों ने ग्रामीण और शहरी जीवनशैली के अंतर को भी चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए बताया कि गांवों में आज भी बच्चे मैदानों से जुड़े हुए हैं, जबकि शहरों में मोबाइल संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। प्रतियोगिता में बच्चों ने कोच और खिलाड़ियों के बीच के भावनात्मक रिश्ते को भी चित्रों में दर्शाया। कुछ चित्रों में कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हुए नजर आए, तो कुछ में जीत के बाद खिलाड़ियों और कोच की खुशी और उत्साह को बेहद सुंदर तरीके से प्रदर्शित किया गया। खिलाड़ियों की यह रचनात्मक सोच उपस्थित अभिभावकों एवं नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी का यह प्रयास केवल खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने और युवाओं को मोबाइल की दुनिया से निकालकर मैदानों से जोड़ने की एक प्रेरणादायक पहल बन चुका है।

## नगर पालिका परिषद की पीआईसी बैठक संपन्न, लगभग एक करोड़ के प्रस्ताव हुए स्वीकृत

जुन्नारदेव। नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव की पिक बैठक सोमवार 18 में को संपन्न हुई बैठक के दौरान 12 प्रस्ताव रखे गए थे जिनमें से 11 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। प्रस्ताव में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दीवारों में स्वच्छता स्लोगन लेखन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ट्रेंविंग ग्राउंडिंग हेतु वार्ड क्रमांक 10 सोमा टेकड़ी के लिए इग्लो मशीन करे किया जाना, छिंदवाड़ा दमुआ मुख्य मार्ग पर डिवाइडर में डबल आर लाइट लगाई जाना, आउटसोर्स कर्मचारी हेतु निविदा आमंत्रित करना, वार्ड क्रमांक 3 में पेवर ब्लॉक लगाया जाना, पथ विक्रेताओं के लिए शासन की योजना स्ट्रीट फूड हब निर्माण करना, वार्ड क्रमांक 13 में आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हुई वहीं एकमात्र प्रस्ताव कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत अतिरिक्त निर्माण कार्यों पर होने वाली वह की स्वीकृति को निरस्त किया गया है। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, अपील समिति सदस्य सभापति संजय मदन लाल जैन, अमित यादव, दीप्ति साहू, सीमा चौरसिया, सभापति लक्ष्मी चंद्रवंशी, लता टांडेकर, नीता कुरोलिया सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे, सब इंजीनियर अनुराग सरिया, लेखपाल दामू सोनी, सुशील लदरे, हिमांशु पंचेश्वर, गणेश चौरसिया, महर्षि चौरसिया नगर पालिका के संबंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पार्षद पुत्र ने अधिवक्ता को दी जान से मारने की धमकी, अधिवक्ता संघ परासिया ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



अतिरिक्त सत्र न्यायालय परासिया में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता मुकेश मौर्य को जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर अधिवक्ता संघ परासिया ने सामूहिक रूप से प्रदर्शन करते हुए आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग पुलिस को शिकायत देकर की है।अधिवक्ता मुकेश मौर्य ने बताया, कि चांदामेटा नगर पंचायत की पार्षद माधुरी दीपक वर्मा के पुत्र संस्कार वर्मा का एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग था, जो बाद में समाप्त हो गया। इसके बाद युवती ने कानूनी सलाह के लिए मुझसे (मुकेश मौर्य) संपर्क किया। अधिवक्ता द्वारा युवती को थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दिए जाने के बाद आरोपी युवक ने कथित रूप से युवती को फोन पर अशोभनीय भाषा में गाली-गलौच की।आरोप है, कि इसी दौरान संस्कार वर्मा ने अधिवक्ता मुकेश मौर्य के खिलाफ भी अपशब्द कहे और उत्तरप्रदेश से शूटर बुलाकर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने इस बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड कर अधिवक्ता को सौंपा। जिसके बाद मामला गंभीर हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ता संघ के सदस्य बड़ी संख्या में थाना परासिया पहुंचे और थाना प्रभारी ईश्वरी पटले को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता मुकेश मौर्य ने भी इस संबंध में संघ को औपचारिक शिकायत दी है।अधिवक्ता संघ के सचिव अरुण यदुवंशी एवं उपाध्यक्ष अशोक मालवीय ने घटना की निंदा करते हुए कहा, कि अधिवक्ता के साथ इस प्रकार की धमकी असहनीय है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी परासिया को पत्र भेजकर मामले की त्वरित जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ईधर दूसरे पक्ष के दीपक वर्मा का कहना है, कि मेरे पुत्र के खिलाफ षड़यंत्र पूर्वक शिकायत कराई जा रही है। मुझसे पिछले 3 महीनों से एक बड़ी राशि की मांग की जा रही है।

# सौंसर मंडी में 'दलहन क्रय केंद्र' का संदीप मोहोड़ ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर में बहुप्रतीक्षित दलहन क्रय केंद्र (तुअर खरीदी केंद्र)का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ की उपस्थिति में किया गया।इस केंद्र के प्रारंभ होने से अब क्षेत्रीय किसानों को अपनी तुअर की उपज बेचने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में भटकना नहीं पड़ेगा।साथ ही उन्हें शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पारदर्शी व्यवस्था के तहत सीधे लाभ मिल सकेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित सभी किसानों से शासन की इस कल्याणकारी और हितैषी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। इस दौरान संतोष जैन,मोरेश्वर मर्सकोले,युवराज जिचकर,मंडी सचिव श्री इडपाचे आदि ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि ही राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आधार बताया।मंडी प्रशासन की अपीलमंडी प्रशासन ने क्षेत्र के सभी तुअर उत्पादक किसानों से आग्रह किया है कि वे केंद्र पर अपनी उपज लाने से पहले आवश्यक पंजीयन अवश्य पूरा कर लें, ताकि तौल और खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाई जा सके।

# मथुरा, वृंदावन जाने के इच्छुक नागरिक 11 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 25 से 28 जुलाई तक होगी यात्रा**

वारासिवनी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बालाघाट जिले से 25 जुलाई को मथुरा, वृन्दावन के लिए स्पेशल ट्रेन तीर्थ यात्रियों को लेकर जाएंगी, यह यात्रा एक सप्ताह की रहेंगी। इस यात्रा में जाने के लिए जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों व नगरीय क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए नगरपालिका व नगर परिषद में 11 जुलाई 2026 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए वारासिवनी नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश ऊके ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र मथुरा, वृन्दावन की यात्रा करने वाले इच्छा रखने वाले व्यक्ति नगरपालिका में 11 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक संपादित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पूरे जिले से 191 व्यक्तियों को इस मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में ले जाने का लक्ष्य रखा गया हैं।

उन्होंने इस तीर्थ यात्रा में जाने कीइच्छा रखने वाले वरिष्ठ नागरिकों से जल्द से जल्द अपना आवेदन नगरपालिका में जमा करवाने की अपील की हैं।

**वारासिवनी नगर में शुरू की जल पात्र सेवा**

# भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों का सहारा बना हम फाउंडेशन

वारासिवनी। वर्तमान में सूर्य के तीखे तेवर और भीषण गर्मी के चलते न केवल इंसान, बल्कि पशु, पक्षी भी व्याकुल हैं। बढ़ते तापमान के कारण जल स्रोत सूखने लगे हैं, जिससे बेजुबान जीव बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। इसी संवेदनशीलता को समझते हुए हम फाउंडेशन के साथियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों और आवारा जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है।

### सराहनीय पहल- पेड़ों पर लटकाए सकोरे, सडक़ों पर रखे जलपात्र



कटोरे में पक्षियों के लिए पानी रखते हुए हम फाउंडेशन के सदस्यगण।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर नगर के प्रमुख चौराहों, उद्यानों और सडक़ किनारे पेड़ों पर मिट्टी के कटोरे सकोरे बांधे, साथ ही जमीन पर बड़े मिट्टी के बर्तन रखे गए, ताकि गौवंश और अन्य जानवर अपनी प्यास बुझा सकें।

इस मानवीय कार्य में मुख्य रूप से जिला महामंत्री नितिन जैन, शहर अध्यक्ष विवेक विक्की ऐड़े, शुभम जायसवाल, कालू जेठवानी, पंकज जैन, चेम्पो लिमजे, मयूर जायसवाल, अनुराग जैन, शशांक जायसवाल, रोशन गोखले, ओमप्रकाश लांजेवार और आशीष राहंगडाले सहित अन्य साथियों का सक्रिय सहयोग रहा।

### गर्मियों में जल का महत्व-क्यों जरूरी है यह पहल

भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों और जानवरों के लिए पानी का महत्व जीवन और मृत्यु के बीच की कड़ी बन जाता हैं।

**डिहाइड्रेशन से बचाव-** पक्षियों का मेटाबॉलिज्म बहुत तेज होता है, गर्मी में शरीर का पानी सूखने से उनकी तत्काल मृत्यु हो सकती है।

**प्राकृतिक जलस्त्रोतों का अभाव-** शहरीकरण के कारण प्राकृतिक तालाब और गड्ढे सूख चुके हैं, ऐसे में ये कृत्रिम जलपात्र ही उनका एकमात्र सहारा हैं।

**पारिस्थितिकी संतुलन-** पक्षी हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग हैं। उनकी रक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इंसान तो मांगकर पानी पी सकता है, लेकिन ये बेजुबान अपनी प्यास भी व्यक्त नहीं कर सकते। हम फाउंडेशन की यह छोटी सी कोशिश इन जीवों को नया जीवन देने का एक प्रयास है।

**अपील- हम फाउंडेशन ने नगरवासियों से भी अपील की है कि वे अपने घरों की छतों, बालकनी और आंगन में एक छोटा बर्तन पानी का जरूर रखें, ताकि कोई भी पक्षी प्यासा न रहे।**

# तेंदूपत्ता संग्राहकों की सुरक्षा के लिए नैतरा फड़ में मास्क वितरण

**वन्य प्राणियों से बचाव को लेकर दी गई समझाइश**

वारासिवनी।



सामान्य वन परिक्षेत्र वारासिवनी अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी संघ नैतरा के नैतरा फड़ में तेंदूपत्ता संग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मास्क वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य जंगल क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान वन्य प्राणियों से संभावित खतरे से बचाव तथा संग्राहकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर वन विभाग एवं समिति के अधिकारियों ने संग्राहकों को जंगल में कार्य करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्हें बताया गया कि तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान घने जंगलों में वन्य जीवों की गतिविधियां बनी रहती हैं, इसलिए अकेले जंगल में न जाए, समूह में कार्य करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें साथ ही आगजनी से बचाव, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी भी साझा की गई।



कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक उपस्थित रहे। संग्राहकों ने वन विभाग द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम जंगल में काम करने वाले मजदूरों के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं। कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारी, प्राथमिक वनोपज सहकारी संघ के पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# ईंधन बचत के लिए प्रशासन सख्त

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** ईंधन बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर अब जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जारी परिपत्र के अनुसार अब जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को सरकारी कामकाज के दौरान कार पूलिंग और सामूहिक आवागमन को प्राथमिकता देनी होगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर रजनी सिंह ने शासकीय कार्यों में ईंधन की खपत कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने तथा वित्तीय अनुशासन स्थापित करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि तहसील एवं ब्लॉक स्तर से जिला मुख्यालय आने वाले अधिकारी, विशेषकर साप्ताहिक समयावधि बैठकों, कानून-व्यवस्था बैठकों अथवा अन्य समन्वय बैठकों में शामिल होने के लिए अनिवार्य रूप से कार पूलिंग व्यवस्था अपनाएंगे। तहसीलदार, जनपद सीईओ और अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को एक ही वाहन से मुख्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

परिपत्र में कहा गया है कि एक ही मार्ग या तहसील से आने वाले अधिकारी अलग-अलग शासकीय वाहनों का उपयोग करने के बजाय आपसी समन्वय से एक ही वाहन में यात्रा सुनिश्चित करें। इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि वाहनों की संख्या कम होने से प्रदूषण पर भी नियंत्रण रखा जा सकेगा। जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, जो एक ही परिसर या आसपास के क्षेत्रों में निवास करते हैं, उन्हें भी कार्यालय आने-जाने के लिए कार पुलिंग या दोपहिया वाहनों को साझा करने की आदत विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने कार्यालय आने-जाने के लिए शासकीय अथवा निजी चार पहिया वाहनों के उपयोग को सीमित करने की बात कही है। अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे संभव हो तो सार्वजनिक परिवहन, साइकिल अथवा पैदल आवागमन को अपनाएं।

मैदानी दौरों के दौरान भी ईंधन बचत सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को पहले से रूट प्लानिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें एक ही दिशा में जाने वाले विभिन्न विभागों के निरीक्षण कार्य एक साथ पूरे किए जा सकें। परिपत्र में स्पष्ट कहा गया है कि शासकीय वाहनों का उपयोग केवल अत्यावश्यक और अधिकृत शासकीय कार्यों के लिए ही किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर कम दूरी के कार्यों के लिए वाहनों के अनावश्यक उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीन शासकीय वाहनों की समय पर सर्विसिंग और प्रदूषण नियंत्रण जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ईंधन की खपत न्यूनतम रखी जा सके। साथ ही जिला स्तर पर समय-समय पर वाहनों की लॉग बुक और ईंधन व्यय की समीक्षा कर निर्देशों के पालन की निगरानी भी की जाएगी। जिला प्रशासन का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल सरकारी खर्च में कमी लाई जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी प्रभावी योगदान दिया जा सकता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव की ईधन बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई भावपूर्ण अपील के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में शासकीय कार्यों में ईंधन की खपत कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली साप्ताहिक समयावधि (टीएल) बैठक, कानून-व्यवस्था बैठक तथा अन्य समीक्षा बैठकों में शामिल होने के लिए तहसील एवं ब्लॉक स्तर से आने वाले अधिकारियों को अनिवार्य रूप से कार पूलिंग का उपयोग करना होगा। एक ही मार्ग या तहसील से आने वाले अधिकारी अलग-अलग वाहनों के बजाय आपसी समन्वय से एक ही वाहन में जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं।

# खैरा पलारी मोक्ष धाम में मृतक की अस्थियों के साथ किया टोना-टोटका, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी। जिले के खैरा पलारी मोक्ष धाम में एक बेहद संवेदनशील एवं चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने ग्रामीणों और मृतक के परिजनों को भय एवं आक्रोश से भर दिया है। मामला स्वर्गीय कचराम सिंह लाहौरी की खारी अस्थियों के साथ कथित छेड़छाड़ और टोना-टोटका किए जाने से जुड़ा हुआ है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय कचराम सिंह लाहौरी का अंतिम संस्कार 16 मई 2026 को दोपहर लगभग 3 बजे खैरा पलारी मोक्ष धाम में किया गया था। तीसरे दिन की विधि के तहत 18 मई 2026 की सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच परिजन, जवाईगण एवं रिश्तेदार अस्थि विसर्जन हेतु खारी अस्थियां लेने मोक्ष धाम पहुंचे।

परिजनों का आरोप है कि वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि खारी अस्थियों के पास विधि-विधान से पूजन सामग्री रखी हुई थी तथा कथित रूप से जादू-टोना एवं टोना-टोटका जैसी गतिविधि किए जाने के संकेत दिखाई दे रहे थे। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद सभी लोग स्तब्ध रह गए। परिजनों एवं ग्रामीणों



का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी जानकार व्यक्ति द्वारा मृतक की अस्थियों के साथ कथित तांत्रिक क्रिया करने का प्रयास किया गया है। घटना के बाद लाहौरी परिवार सहित रिश्तेदारों में भय और चिंता का वातावरण बन गया है।

ग्रामीणों ने इसे मोक्ष धाम जैसी पवित्र जगह की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताया है। लोगों का कहना है कि यदि मृत व्यक्तियों की अस्थियां भी सुरक्षित नहीं हैं, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी या सामाजिक तनाव का कारण बन सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार खैरा पलारी मोक्ष धाम में इस प्रकार की यह पहली घटना बताई जा रही है, जिसके बाद पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने ग्राम पंचायत खैरा पलारी एवं प्रशासन से मोक्ष धाम में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, निगरानी की व्यवस्था करने तथा दोषी व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की सूचना ग्राम पंचायत खैरा पलारी के सरपंच, सचिव, जीआरएस एवं पुलिस चौकी पलारी को दे दी गई है।

सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि मृतक की अस्थियों के साथ कथित छेड़छाड़ स्पष्ट दिखाई दे रही है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# तेंदूपत्ता तोडने जंगल गए युवक पर भालू ने किया हमला



**दक्षिण सामान्य वन मंडल सिवनी अंतर्गत कुरई परिक्षेत्र के बाबई पीएफ 315 में सोमवार सुबह भालू के हमले में एक युवक घायल हो गया।**

जानकारी के अनुसार बाबई निवासी सुनील निवारे (38) सुबह लगभग 10 बजे तेंदूपत्ता तोडने जंगल गए हुए थे। इसी दौरान अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया।

हमले में सुनील निवारे की पिंडली में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और घायल को तत्काल कुरई उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

परिक्षेत्र अधिकारी राहुल धारू ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए नागपुर रेफर किया है। वन विभाग द्वारा मामले की निगरानी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कोटवार के बेटे ने सेट परीक्षा में पाई सफलता: प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा और शिक्षा का आलोक फैलाना उमेश का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के नियमित छात्र रहे उमेश वट्टी ने अपने पहले ही प्रयास में हिंदी साहित्य जैसे विस्तारित विषय में सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित होने की राह आसान कर ली है. प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा करना और सिवनी जिले के ग्रामीण युवाओं के बीच उच्च शिक्षा का उजाला फैलाना उमेश का संकल्प है. विदित हो कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग समय - समय पर शासन की आवश्यकतानुसार सेट परीक्षा ( राज्य पात्रता परीक्षा) आयोजित करता है।

ग्राम कोटवार की छोटी-सी नौकरी करते हुए पिता सोहन लाल वट्टी और माँ ज्ञानवती ने बेटे उमेश को पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित किया. केवलारी तहसील के ग्राम कुचीवाड़ा निवासी उमेश ने बताया कि बचपन से ही उसने कुछ अलग करने का लक्ष्य बनाया. बताया कि सिवनी आने पर कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उसे कैरियर निर्माण की प्रेरणा मिली. कहा कि अपने माता पिता के संघर्षपूर्ण जीवन ने कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी।

उमेश का सपना कॉलेज में प्रोफेसर बनकर साहित्य सेवा और शिक्षा का उजियारा फैलाना है. उमेश ने बताया कि वह साथ में यूपीएससी की भी तैयारी कर रहा है. यदि उसे अवसर मिलेगा तो वह आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है. उमेश का कहना है चूंकि यूपीएससी की राह बड़ी कठिन है और यदि आईपीएस न बन सका तो प्रोफेसर बनकर समाज के युवाओं को सही दिशा देने में अपने जीवन समर्पित करने का लक्ष्य तय किया है। उमेश ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 12 घंटों के गहन अध्ययन से कोई भी युवा कठिन परीक्षा में भी सफल हो सकता है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 20 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से "युवा संगम कार्यक्रम" अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 20 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक राम रमन प्राइवेट आईटीआई, होमगार्ड ऑफिस के सामने, सिवनी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### यातायात पुलिस सिवनी की सख्त कार्रवाई, नो-एंट्री में घुसे 5 भारी वाहनों पर 25,000 रुपये जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं सडक़ दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 16.05.2026 को यातायात थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा शहर क्षेत्र में प्रतिबंधित समय अवधि में प्रवेश कर आवागमन कर रहे भारी वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान नो-एंट्री का उल्लंघन करते पाए गए 05 भारी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। उक्त प्रत्येक वाहन पर 5,000 रुपये के मान से कुल 25,000 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

# ग्राम किंदरई में गहराता जल संकट

## ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल समाधान की मांग

**आदिवासी बाहुल्य घंसौर विकासखंड के 1600 आबादी वाले ग्राम पंचायत किंदरई में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यहां के छोटे-छोटे बच्चे घंटों पानी के लिए इंतजार करते हैं और तब जाकर 1 किलोमीटर दूर से साइकिल और डिब्बों के सहारे पानी ला पाते हैं।**



**सिवनी।** जिस उम्र में उन्हें स्कूल में पढ़ाई करनी चाहिए, उस उम्र में वे पानी की चिंता में अपना समय बिता रहे हैं। जिले में बढ़ते तापमान के साथ ही पानी की समस्या विकराल रूप अख्तियार करने लगी है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। हैंडपंप खराब पड़े हैं तथा कई जगहों पर नल-जल योजना नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है। पानी की कमी के कारण महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए तथा टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति की जाए। साथ ही दीर्घकालिक समाधान के लिए जल संरक्षण एवं स्थायी जल स्त्रोतों के विकास पर भी ध्यान दिया जाए।किंदरई के शिक्षित युवा हरिओम नागेश ने कहा कि पेयजल समस्या का जल्द स्थायी समाधान किया जाए, ताकि बच्चों का बचपन पानी ढोने में नहीं, बल्कि शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने में लगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# वन विभाग की टीम ने विलुप्त प्रजाति कउवा कास्ट की लकड़ी बड़ी मात्रा में पकड़ी

**वन विभाग की टीम ने सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे गस्ती के दौरान विलुप्त प्रजाति कउवा कास्ट बड़ी मात्रा में पकडने में सफलता प्राप्त की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मुख्य वन संरक्षक सुश्री संध्या सिंह के निर्देश पर वन मंडल अधिकारी गौरव मिश्रा दक्षिण सिवनी सामान्य वन मंडल, उपवन मंडल अधिकारी योगेश पटेल के दिशा निर्देशन व वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सोनी के मार्गदर्शन में जंगल व निजी राजस्व भूमि से अवैध रूप से लकड़ी काटने वालों व अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। हरवेन्द्र सिंह बघेल उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक गोपालगंज ने बताया कि सोमवार को सुबह लगभग 6 बजे गस्ती के दौरान चावड़ी पलारी से एनएच 44 मार्ग शनि मंदिर मार्ग स्थित मंदिर के पास एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 1892 को रोका गया जिसमें कउवा जो की विलुप्त प्रजाति है की कास्ट भरी थी। जिसको वन कर्मी द्वारा रोक कर वाहन चालक से वैधानिक दस्तावेज मांगा गया। अवैध रूप से कउवा कास्ट को ले जा रहे आरोपियों ने मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा पाए जिससे जप्ती की कार्रवाई की गई।

इस कार्य में हरवेन्द्र सिंह बघेल उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक गोपालगंज, गुरु प्रसाद जंघेला वनरक्षक बीट प्रभारी चावड़ी, कपिल सनोडिया कार्यवाहक वनपाल, शिवलाल काकोडिया कार्यवाहक वनपाल की विशेष भूमिका रही। वन अधिकारियों ने समस्त कृषकों, ग्रामवासियों, नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निजी खेत, बाड़ी में स्थित पेड़ों की कटाई बिना अनुमति के किसी भी व्यापारी से ना कटवाए और ना ही बेचे। यदि कोई भी कृषक के यहां अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करवाई जाती है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। जिसके लिए कृषक स्वयं जवाबदार होंगे क्योंकि कुछ व्यापारी कृषकों से कम दाम पर वृक्ष खरीदकर उन्हें कटवा कर देते हैं जिससे पर्यावरण असंतुलित होता है और व्यापारी महंगे दामों में वन उपज को बेचकर लाभ कमा कर कृषकों का शोषण करते हैं।

# बहुचर्चित हवाला डकैती कांड की मुख्य आरोपी निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**सिवनी।** सिवनी के बहुचर्चित हवाला डकैती कांड की मुख्य आरोपी निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए यह राहत दी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता 22 वर्षीय महिला है, जो एकल माता है और उसका दो से तीन वर्ष का बच्चा भी उसके साथ जेल में रह रहा है। पूजा पांडे ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई 18 मई को निर्धारित की गई थी और यह सुनवाई सूची में दसवें क्रम पर था। सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत प्रदान की। यह मामला सिवनी जिले के खैरीटेक क्षेत्र में हुई कथित हवाला रकम की लूट से जुड़ा है। आरोप है कि करीब तीन करोड़ रुपये की हवाला राशि को योजनाबद्ध तरीके से लूटा गया था। इस वारदात में पुलिस वर्दी, सरकारी वाहन और हथियारों काइस्तेमाल किया गया था, जिससे यह मामला और गंभीर हो गया था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि इस कथित डकैती की साजिश में पुलिस विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे। मामले के उजागर होते ही पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया था और सरकार ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया था।

जांच एजेंसियों ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और बैंकिंग लेनदेन सहित कई अहम प्रमाण जुटाए थे। पूछताछ के दौरान कई पुलिसकर्मियों के नाम सामने आए, जिसके बाद कार्रवाई की गई और कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बाद में अधिकांश आरोपियों को जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी।

# जर्जर सडक़ को लेकर होगा सद्बुद्धि यज्ञ, 2 जून को पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

**केवलारी।** केवलारी से छिन्दा होते हुए पिंडरई तक जाने वाले सडक़ मार्ग की जर्जर हालत अब क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। करीब 23 किलोमीटर लंबी इस सडक़ पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे रोजाना हजारों लोगों का सफर जोखिम भरा बन गया है।

सडक़ की खराब स्थिति को लेकर कई बार संबंधित विभाग, जिला प्रशासन, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक सडक़ सुधार को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इससे लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।



सामाजिक कार्यकर्ता स्वप्निल उपाध्याय ने बताया कि शासन और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक प्रशासन की नींद नहीं खुलती। यही कारण है कि अब क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

स्वप्निल उपाध्याय ने बताया कि इससे पहले सिवनी-मंडला मार्ग की खराब स्थिति को लेकर बेशर्म के पौधे लगाकर प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और सडक़ सुधार की दिशा में काम शुरू हुआ। उसी तर्ज पर अब केवलारी-छिन्दा-पिंडरई मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर भी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि इस सडक़ मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। स्कूली छात्र, मरीज, किसान, व्यापारी और आम नागरिक इसी मार्ग पर निर्भर हैं। इतना ही नहीं, क्षेत्रीय सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों का भी इसी मार्ग से लगातार आवागमन होता है, लेकिन सडक़ की हालत सुधारने की दिशा में अब तक कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सडक़ पर बने गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते-होते बचते हैं। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।

इसी के विरोध में 2 जून को अहरवाड़ा में सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग का ध्यान सडक़ की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया जाएगा। स्वप्निल उपाध्याय ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सडक़ सुधार की मांग को मजबूती देने की अपील की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द सडक़ निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

# मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार, रिसोर्ट में बीयर पिलाकर की गई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा. पु. से,) के निर्देशानुसार महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत थाना कुरई पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 16.05.2026 को एक नाबालिग बालिका द्वारा थाना कुरई में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 15.04.2026 को आरोपी आशीष उसे बहला-फुसलाकर सुकतरा स्थित शांति वन रिसोर्ट ले गया था। वहां आरोपी अंकित सनोडिया एवं अन्य साथियों द्वारा उसे बीयर पिलाई गई। नशे की हालत में आरोपी अंकित सनोडिया द्वारा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए गए। सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। महिला थाना से महिला उप निरीक्षक द्वारा थाना कुरई आकर पीड़िता का कथन लेखबद्ध किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी- मुख्य आरोपी अंकित सनोडिया पिता हरिप्रसाद सनोडिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी साई धाम कॉलोनी, डूण्डासिवनी। आशीष उर्फ आशु पिता अशोक परते, उम्र 18 वर्ष, निवासी बादलपार। एक विधि विवादित नाबालिग बालक। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गठित विशेष टीम द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस संवेदनशील प्रकरण में त्वरित कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक के.एस. तेकाम, सउनि शैलेन्द्र डोंगरे, सउनि अजय सिंह परिहार, प्र.आर. राजेश माथरे, प्र.आर. मनोज गोहिया, आर. अविनाश पाण्डेय, आर. चंचलेश नरवरे एवं आर. चालक यशपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सिवनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कॉम्बिंग गश्त में 53 स्थायी वारंटी सहित 103 वारंट तामील

**रातभर चला अभियान, 134 पुलिसकर्मी रहे मैदान में, अपराधियों में मचा हडक़ंप**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्राके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु दिनांक 17-18 मई 2026 की मध्यरात्रि जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियानचलाया गया। इस प्रभावी गश्त में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी सहित 134 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने एक साथ मैदान में उतरकर संदिग्ध स्थानों, अपराधियों के ठिकानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग की। अभियान की मुख्य उपलब्धियां- 53 स्थायी वारंटी एवं 50 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 29 निगरानी बदमाशों की भौतिक जांच कर वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली गई।

39 गुण्डा बदमाशों की चेकिंग कर हिस्ट्रीशीट रिकॉर्ड अद्यतन किया गया।

जेल से रिहा हुए अपराधियों एवं सक्रिय बदमाशों को सख्त चेतावनी दी गई कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक का संदेश -पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त नियमित अंतराल पर जारी रहेगी। आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाना एवं असामाजिक तत्वों में कानून का भय व्याप्त करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्टों का बिगुल

# जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बंद करो-घंसौर के दवा व्यापारियों ने केंद्र सरकार से की बड़ी मांग

**डीप डिस्काउंट और अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में सडक़ों पर उतरेंगे केमिस्ट, बोल—छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में**



घंसौर /घंसौर में ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी के बढ़ते दखल के खिलाफ अब दवा व्यापारियों का गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। सिवनी डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में घंसौर के दवा व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम घंसौर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो यह न केवल लाखों छोटे दवा व्यापारियों के लिए संकट बनेगा, बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा साबित होगा। 20 मई 2026 को जिलेभर के दवा व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर शासन और प्रशासन को चेतावनी दी। इस दौरान दवा दुकानों को बंद रखकर ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जावेगा। ज्ञापन में कहा गया कि कोविड महामारी के दौरान जारी की गई अस्थायी अधिसूचनाओं का आज दुरुपयोग हो रहा है और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर दवाओं की बिक्री कर रहे हैं।

केमिस्ट एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कई ई-कॉमर्स कंपनियां भारी डीप डिस्काउंट और प्रिडेटरी प्राइसिंग के जरिए बाजार व्यवस्था को बिगाड़ रही हैं। इससे स्थानीय दवा दुकानदार आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि जिन दवाओं की बिक्री केवल प्रशिक्षित फार्मासिस्ट की निगरानी में होनी चाहिए, वे अब मोबाइल ऐप और वेबसाइटों के जरिए सीधे घरों तक पहुंचाई जा रही हैं। इससे नकली, एक्सपायरी और गलत दवाओं के इस्तेमाल का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 तथा नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद विभिन्न कंपनियां धड़ल्ले से कारोबार कर रही हैं।

### खबर संक्षेप

## भाजपा नेताओं से मुलाकात को लेकर फैलाई जा रही झूठी जानकारी, छवि खराब करने की साजिश – विधायक मधु भगत

**बालाघाट/परसवाड़ा।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने सोशल मीडिया पर उनके संबंध में प्रसारित की जा रही खबरों को भ्रामक और असत्य बताते हुए इसे उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास करार दिया है। विधायक भगत ने स्पष्ट किया कि हाल के दिनों में कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके भाजपा नेताओं के साथ कथित मुलाकातों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है।विधायक मधु भगत ने कहा कि विगत दिनों सुबह के समय मेन रोड पर टहलने के दौरान उनकी मुलाकात प्रदेश के पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से संयोगवश हुई थी। इस दौरान उन्होंने सामान्य शिष्टाचार के तहत सौजन्य भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा। विधायक के अनुसार दोनों के बीच मुश्किल से दस मिनट की सामान्य बातचीत हुई, जिसके बाद वे अपने-अपने मार्ग पर आगे बढ़ गए।उन्होंने कहा कि इस सामान्य मुलाकात को कुछ लोगों द्वारा राजनीतिक रंग देकर सोशल मीडिया पर भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। विधायक भगत ने साफ किया कि इस मुलाकात का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं था और न ही किसी प्रकार की गोपनीय चर्चा या बैठक हुई।विधायक भगत ने यह भी कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद से उनका किसी प्रकार का संपर्क, संबंध या हालिया बातचीत नहीं हुई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर यह झूठा प्रचार किया जा रहा है कि उनकी कोई गोपनीय मुलाकात या बैठक हुई है, जो पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर गलत तथ्यों को फैलाकर उनकी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। विधायक भगत ने कहा कि जनता सब समझती है और ऐसे भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने वाली नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें और अफवाहों से बचें।

विधायक भगत ने कहा, "मुझे अपने जीवन में राजनीति में जो कुछ भी मिला है, वह कांग्रेस पार्टी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से मिला है। मैं दो बार कांग्रेस पार्टी से विधायक चुना गया हूँ। पहले चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस ने मुझ पर विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया।

### यात्री बसों और माल वाहक वाहनों की आवाजाही फिर से हुई बंद

# बावनथड़ी नदी में बनी अस्थाई सड़क पानी में बही

**कटंगी।** मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित बावनथड़ी नदी पर निर्मित पुल एक बार फिर सुर्खियों में है। राजीव सागर बांध से छोड़े गए पानी ने बावनथड़ी नदी के भीतर बोनकट्टा में बनी अस्थाई सड़क को बहा दिया। इसके चलते दो राज्यों के बीच भारी वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। ट्रक, यात्री बसें और मालवाहक वाहन अब इस मार्ग से नहीं गुजर पा रहे हैं। रविवार की देर रात यह अस्थाई सड़क पानी में बह गई। सोमवार की सुबह 06 जब ग्रामीण पहुंचे तो सड़क दो अलग-अलग हिस्सों में पानी के साथ बह गई थी। दरअसल, बोनकट्टा गांव के पास बावनथड़ी नदी पर मुख्य सड़क मार्ग पर बना पुल वर्षों से जर्जर हालत में है। सुरक्षा कारणों से तत्कालीन भंडारा कलेक्टर संदीप कदम ने 22 सितंबर 2020 (करीब 06 वर्ष) से इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया है तब से लेकर अब तक पुल से भारी वाहनों की आवाजाही बंद है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने पुल निर्माण के लिए 96 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। ठेकेदार ने काम शुरू भी कर दिया है, लेकिन निर्माण कार्य कच्छप गति से चल रहा है। हर बरसात में नदी का पानी अस्थाई मार्ग को बहा ले जाता है और यातायात ठप हो जाता है। खैर, अभी गर्मी के सीजन में आवागमन बंद हुआ है। वजह है भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते पेयजल संकट के बीच रविवार 17 मई को राजीव सागर बांध के केंद्रीय जल-निकास मार्ग (सेंट्रल स्पिलवे) के गेट क्रमांक 3 और 4 को 30 सेंटीमीटर तक खोलकर 55.39 क्यूसेक जल बावनथड़ी नदी में प्रवाहित किया गया। यानी 55390 लीटर प्रति सेंकड की दर से पानी नदी में छोड़ा गया है यह पानी रविवार की देर रात बोनकट्टा तक पहुंचा और यहां नदी के भीतर बनी अस्थाई सड़क को बहा कर ले गया।



#### आवागमन और व्यापार दोनों प्रभावित-

बावनथड़ी नदी पर पुल निर्माण केवल एक परियोजना नहीं है, बल्कि यह दो राज्यों के बीच व्यापार और जनजीवन की धड़कन है। हर बरसात में अस्थायी सड़क बह जाना और यातायात ठप होना अब एक वार्षिक संकट बन चुका है। इस मामले में मध्य प्रदेश राज्य के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी स्पष्ट दिखाई देती है। जनप्रतिनिधि महाराष्ट्र के अधीन पुल होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए नजर आते है। जबकि महाराष्ट्र में भी भाजपा की ही सरकार है। महाराष्ट्र सरकार की 96 करोड़ रुपये की मंजूरी के बावजूद काम की धीमी रफ्तार जनता के धैर्य की परीक्षा ले रही है। ट्रक, बसें और मालवाहक वाहन रुकने से किसानों, व्यापारियों और यात्रियों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं है, बल्कि सामाजिक असुविधा भी है। जनता का गुस्सा अब दोनों ही राज्यों के शासन और ठेकेदार दोनों पर है। लोग मानते हैं कि यदि काम में तेजी नहीं लाई गई तो आंदोलन और विरोध की स्थिति पैदा हो सकती है। कुछ महीनों बाद फिर से बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा और वही संकट फिर दोहराया जाएगा।

# शिकार के लिए करंट बिछाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के महदुली गांव में 27 मार्च को एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। गांव के खेतों के बीच पौनियां मार्ग पर जंगली सूअर का शिकार करने के लिए करंट बिछाया गया था। जिसकी चपेट में आने से महदुली गांव का 08 वर्षीय बालक योग राहंगडाले घायल हो गया था।

बालक को तब तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया था यहां जिला अस्पताल बालाघाट और फिर नागपुर ले जाया गया, जहां करीब एक माह तक उसका उपचार चला। इस दौरान एम्स में डॉक्टरों को उसका एक हाथ बचाना संभव नहीं हो पाया और हथेली काटनी पड़ी। वर्तमान में उसका इलाज बालाघाट में जारी है। योग के पिता संतोष राहंगडाले ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। बेटे के इलाज में अब तक बहुत अधिक खर्च हो चुका है। विधायक के प्रयासों से राज्य सरकार से कुछ आर्थिक मदद मिली है, लेकिन पूर्ण उपचार के लिए अब भी पैसों की आवश्यकता है। संतोष का कहना है कि हम गरीब लोग हैं, खेती-बाड़ी से ही जीवन चलता है। बेटे के इलाज में जितना खर्च हो रहा है, उतना जुटाना हमारे लिए असंभव है। सरकार से मदद मिली है, लेकिन अभी भी बहुत खर्च बाकी है। योग राहंगडाले की जिंदगी अब पहले जैसी नहीं रहेगी। एक हाथ की हथेली कट जाने के बाद उसका भविष्य प्रभावित होगा। पढ़ाई, खेलकूद और सामान्य जीवन में उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

घटना के बाद कटंगी पुलिस ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अनिल चौके, आरक्षक नीरज तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने लगातार प्रयास किया। करीब सवा माह बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में संजय उर्फ संजु पिता मंशाराम मर्सकोले (उम्र 35 वर्ष), सचिन पिता झाडूलाल अड़माचे (उम्र 40 वर्ष) दोनों आरोपी महदुली गांव के निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 125 (ए) और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 138 के तहत कार्रवाई की है। उक्त घटना ग्रामीण इलाकों में वन्य प्राणी जंगली सुअर के शिकार के लिए अपनाए जाने वाले खतरनाक तरीकों पर सवाल खड़े करती है। करंट बिछाने जैसी गतिविधियां न केवल जानवरों बल्कि इंसानों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही हैं। आज मासूम योग की जिंदगी पर संकट बना हुआ है और परिवार अब भी इलाज के लिए मदद की गुहार लगा रहा है।

# नल-जल योजना के तहत निर्मित पानी टंकी का एसडीओ ने किया निरीक्षण



### ग्राम सुरवाही में जलापूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा, गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश

**बालाघाट।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के एसडीओ श्री एच.के. बागेश्वर ने मंगलवार को विकासखंड बिरसा के ग्राम सुरवाही पहुंचकर नल-जल योजना अंतर्गत निर्मित पानी टंकी एवं संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना की प्रगति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

एसडीओ श्री बागेश्वर ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि योजना के सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पानी टंकी की संरचना, पाइपलाइन कनेक्शन, मोटर पंप व्यवस्था तथा जल वितरण प्रणाली का परीक्षण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल संबंधी समस्याओं की जानकारी भी ली तथा आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए।

एसडीओ श्री बागेश्वर ने बताया कि नल-जल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। योजना पूर्ण होने के बाद ग्राम सुरवाही के लोगों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।



निरीक्षण के समय विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर से चोरी के बाद अधिवक्ताओं का तीखा हमला



### बोले- जब एसडीएम-तहसीलदार दफ्तर ही असुरक्षित तो आमजन की सुरक्षा का क्या होगा?

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** जिले की लांजी तहसील कार्यालय परिसर में व्याप्त बदहाल सुरक्षा व्यवस्था ने अब अधिवक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। न्यायालय परिसर से अज्ञात चोरों द्वारा टेबल चोरी किए जाने की ताजा घटना ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। इस घटना के बाद अधिवक्ता संघ खुलकर आक्रोशित हो उठा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे पूरा लांजी तहसील परिसर असामाजिक तत्वों के लिए खुला मैदान बन चुका है।

#### चोरों के हौसले बुलंद, सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

सोमवार सुबह जब मुंशी राजेन्द्र खरोले न्यायालय परिसर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। जिस स्थान पर रोजाना अधिवक्ताओं का टेबल रखा रहता था, वहां केवल बेंच दिखाई दी। अज्ञात चोर ताला तोड़कर टेबल उठा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी फैल गई। अधिवक्ता संघ के सचिव अरूण कुमार टांडेकर ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी न्यायालय परिसर में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन हर बार प्रशासन ने मामले को हल्के में लिया। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, न बाउंड्रीवॉल पूरी है और न ही कोई मुख्य प्रवेश द्वार है। रात में परिसर पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है।

#### अधिवक्ताओं की सुरक्षा खतरे में, सुविधाओं का भी घोर अभाव


अधिवक्ताओं ने बताया कि न्यायालय परिसर में वे रोज अपने लैपटॉप, टाइपराईटर मशीन, टेबल-कुर्सियां और अन्य जरूरी दस्तावेज रखते हैं। शाम को ताला लगाकर घर चले जाते हैं, लेकिन रातभर इनकी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं होती। परिसर कई जगह से खुला पड़ा है, जिससे आवारा पशु और असामाजिक तत्व बेरोकटोक अंदर घुस आते हैं। स्थिति इतनी बदतर है कि अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित शेड तक उपलब्ध नहीं है। पीने के पानी की व्यवस्था भी बदहाल है। परिसर तक पहुंचने के लिए सड़क तक ठीक नहीं है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह न्याय व्यवस्था के प्रति प्रशासन की गंभीर उदासीनता को दर्शार्ता है।

#### ज्ञापनों पर धूल, कलेक्टर तक शिकायत बेअसर

अधिवक्ता संघ का आरोप है कि उन्होंने कई बार तहसील प्रशासन से लेकर कलेक्टर तक लिखित शिकायतें कीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ। इससे अधिवक्ताओं में भारी रोष है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही तहसील परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए, बाउंड्रीवॉल और मुख्य गेट का निर्माण नहीं कराया गया तथा रात्रिकालीन सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति नहीं की गई, तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि प्रशासन की यह लापरवाही कभी भी किसी बड़ी अप्रिय घटना को जन्म दे सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

# दलदल में दफन हो रहा विकास! सिहारी में नाली निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल उजागर

### कमजोर बेस, नियमों की धज्जियां और जेसीबी से निर्माण; ग्रामीणों ने उठाए गुणवत्ता और बंदरबांट पर गंभीर सवाल





**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** जिले की लांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी में सीसी नाली निर्माण कार्य अब सवालों के घेरे में आ गया है। विकास कार्य के नाम पर यहां कथित तौर पर भारी अनियमितता और तकनीकी मानकों की खुली अनदेखी सामने आई है। दलदली जमीन पर बनाई जा रही नाली की नींव इतनी कमजोर बताई जा रही है कि ग्रामीणों को आशंका है कि यह निर्माण कुछ ही महीनों में धराशायी हो सकता है। आरोप है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

#### दलदली जमीन पर सिर्फ दिखावटी बेस

तकनीकी जानकारों के अनुसार दलदली स्थान पर किसी भी सीसी नाली निर्माण के लिए पहले 6 से 9 इंच तक गिट्टी और मोरम की मजबूत परत बिछाकर उसे अच्छी तरह दबाया जाना चाहिए। इसके बाद कम से कम 4 से 6 इंच तक एम-15 या एम-20 ग्रेड सीमेंट कंक्रीट की मजबूत ढलाई जरूरी होती है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर इन सभी मानकों को ताक पर रखकर सिर्फ लगभग 2 इंच गिट्टी डालकर औपचारिकता निभाई जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण को मजबूत बनाने के बजाय जल्दबाजी में कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

#### जेसीबी से हो रहा काम, मनरेगा नियमों की खुली अवहेलना

मामले को और गंभीर बनाता है निर्माण स्थल पर जेसीबी मशीन का उपयोग। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा और अन्य शासकीय निर्माण कार्यों में मशीनों का उपयोग प्रतिबंधित है, ताकि स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल सके। इसके बावजूद खुलेआम जेसीबी से कार्य कराए जाने से नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। इससे मजदूरों का हक छीना जा रहा है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से तत्काल तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह नाली भ्रष्टाचार की एक और मिसाल बनकर रह जाएगी, जबकि जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### 30 जून तक पूरा होगा पीएम किसान हितग्राहियों का बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अभियान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को लाभ प्रदान करने के लिए राज्य शासन द्वारा बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं कि योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए।जारी निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मैकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com